- इस चरण के स्थल, पंजाब में सोन या सोहन नदी की घाटी में पाए जाते हैं, जो वर्तमान पाकिस्तान में है। कश्मीर में कई स्थल पाए जाते हैं और इस चरण के उपकरण उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर जिले की बेलन घाटी में भी पाय गए हैं।
- उत्तर भारत में इस काल के मुख्य उपकरण- खंडक (Chopper), हाथ की कुल्हाड़ी (Hand Axes) और विदारक (Cleavers) थे। ये काटने के उपकरण कंकड़-पत्थरों से तैयार किये जाते थे।
- उपकरण खुरदरे और भारी होते थे, जो पत्थर के किनारों को काटकर बनाए जाते थे। इन उपकरणों का उद्देश्य पेड़ों की छाल और जानवरों की खालें प्राप्त करना था।

#### मध्य भारत (Central India)

इस क्षेत्र में मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान शामिल हैं। नर्मदा नदी का तट वह महत्त्वपूर्ण पथ है, जिसके किनारे पर स्थल पाये गए हैं। महत्त्वपूर्ण स्थल इस प्रकार हैं:

- **भीमबेटका:** यह मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में नर्मदा नदी से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में लगभग 700 गुफ़ाओं और चट्टानी आश्रयों का एक समूह है।
- **आदमगढ़:** यह होशंगाबाद में नर्मदा नदी से कुछ किलोमीटर दक्षिण में एक चट्टानी आश्रय स्थल है।
- **नगरी और चित्तौड़गढ़:** ये दोनों कलाकृतियों से समृद्ध हैं और राजस्थान में स्थित हैं।
- **डीडवाना:** यह राजस्थान का एक और महत्त्वपूर्ण स्थल है, जो शुष्क क्षेत्र में स्थित है। यह क्षेत्र विभिन्न प्रकार के खंडक और अन्य काटने वाले उपकरणों के साथ खंडक उपकरणों का मिश्रण प्रदर्शित करता है।

#### दक्षिण भारत ( मद्रास संस्कृति )

इस क्षेत्र में तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र शामिल हैं। इनमें से केरल में अब तक कोई भी निम्न पुरापाषाणकालीन कलाकृति नहीं मिली है।

- **तमिलनाडु:** मद्रास के पास कोर्तालयार नदी पर अत्तिरमपक्कम और वदामदुरै।
- **कर्नाटक:** किब्बानहल्ली, मालप्रभा और घाटप्रभा बेसिन, अनागवाड़ी और शोरापुर दोआब।
- **आंध्र प्रदेश:** कुरनूल जिले में गुंडलकम्मा नदी का तट, कृष्णा नदी पर नागार्जुनकोंडा।
- **महाराष्ट्र:** नासिक, नवेसा और पुणे।

दक्षिण भारतीय स्थलों में प्रमुख रूप से उपकरण के रूप में हाथ की कुल्हाड़ियाँ और विदारक (Hand axes and cleavers) पाए जाते हैं। उनके उचित उपयोग का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन कुछ अनुमान लगाए जा सकते हैं।

उत्तर के काटने के औज़ारों से पता चलता है कि सोहन लोग साधारण भोजन संग्रहकर्ता थे। दक्षिणी भारत की हाथ की कुल्हाड़ियाँ बहुउद्देशीय उपकरण थीं, जिनका उपयोग शिकार और जड़ें खोदने के लिए किया जा सकता था।



काटने के उपकरण

इन उपकरणों के लिए कच्चा माल मुख्य रूप से क्वार्टजाइट (Quartzite) था और कुछ स्थानों पर जैस्पर (Jasper) का भी उपयोग किया जाता था। यह कहा जा सकता है कि निम्न पुरापाषाण काल के लोग खानाबदोश शिकारी (Nomadic Hunters) और भोजन इकट्ठा करने वाले थे, जो स्वयं को बहुत छोटे समूहों में संगठित करते थे।

### मध्य पुरापाषाण काल (50,000 ईसा पूर्व - 40,000 ईसा पूर्व) [Middle Paleolithic (50,000 BC - 40,000 BC)]

इस चरण के अध्ययन के लिए अधिक स्थल उपलब्ध नहीं हैं और प्रमुख स्थल भारत के कुछ क्षेत्रीय हिस्सों तक ही सीमित हैं। इस चरण के स्थलों का प्रमुख क्षेत्र पश्चिमी और दक्षिणी भारत में है, जबकि उत्तर भारत में कुछ छोटे स्थल हैं।

मध्य पुरापाषाण काल की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता निम्न पुरापाषाण काल की तुलना में लगभग 90% मामलों में कच्चे माल का क्वार्टजाइट से कैल्सेडनी, चर्ट और जैस्पर (Quartzite to Chalcedony, Chert and Jasper) में पूर्ण परिवर्तन है। इस चरण के कई स्थल निम्न पुरापाषाण चरण के स्थलों से मिलते हैं तथा मध्य पुरापाषाण काल का पहला स्थल महाराष्ट्र में नवेसा नामक स्थान पर पाया गया था। अन्य स्थल इस प्रकार हैं:




भारत में पुरापाषाणकालीन स्थल

- कर्नाटक: तमिनहाल, बागलकोट और अनागवाड़ी।
- आंध्र प्रदेश: चित्तूर, कुरनूल और नालगोंडा।
- मध्य प्रदेश: भीमबेटका गुफाएँ, गोंची, दमोह और सिहोरा।
- अन्य छोटे स्थल राजस्थान की लूनी घाटी, पंजाब की कांगड़ा घाटी, उत्तर प्रदेश की बेलन घाटी में पाए जाते हैं।

इस चरण के उपकरणों को शल्कयुक्त उपकरण (Flake Tools) कहा जाता है, क्योंकि ये बहुत छोटे होते हैं और शल्क से बने होते हैं। इनमें शामिल उपकरण फलक (Blades), नुकीले औज़ार (Point), बेधक (Borers) और खुरचनी (Scrappers) थे। कुछ संख्या में दो हाथ की कुल्हाड़ियाँ और काटने के अन्य उपकरण भी मिले थे।




पत्थर के औज़ार बनाना

## उच्च पुरापाषाण काल ( 40,000 ईसा पूर्व - 10,000 ईसा पूर्व ) [Upper Paleolithic (40,000 BC - 10,000 BC)]

भारत में उच्च पुरापाषाण चरण की उपस्थिति तब तक संदेह में रही, जब तक इस चरण के उपकरण आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कई स्थलों में नहीं खोजे गए। भारत में उच्च पुरापाषाण काल के कुल 566 स्थल हैं। प्रागैतिहासिक काल के इस समय में जलवायु कम आर्द्र थी, क्योंकि यह हिमकाल के अंतिम चरण के समान थी। इस चरण के महत्त्वपूर्ण स्थल इस प्रकार हैं:

- **मुच्छटला चिंतामनु गावी (MCG)** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में गुफ़ा स्थल है। यहाँ से प्राप्त औज़ारों में 90% हिस्सा हड्डियों का होता था, जबकि शेष 10% हिस्सा प्रस्तरों का बना हुआ था।
- **रेनीगुंटा** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में रल्लाकालवा नदी के तट पर एक स्थल है। यहाँ से प्राप्त उपकरणों में फलक तथा खोदनी उपकरणों (Burins Tools) का सबसे बड़ा समूह है, जो बारीक दाने वाले हल्के हरे रंग के क्वार्टजाइट से बने हैं।
- **भीमबेटका गुफाएँ** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में लगभग 700 गुफाओं और शिला आश्रयों वाला एक गुफा स्थल है।
- बेलन घाटी उत्तर प्रदेश में स्थित है।
- बघोर II उत्तर प्रदेश में सोन नदी के किनारे पर एक स्थल है।

उच्च पुरापाषाण चरण में फलक, खुरचनी और खोदनी जैसे नए उपकरणों का उपयोग किया गया था।




## पुरापाषाण काल में कला (Art in the Paleolithic Age)



शैल चित्रकारी

इन लोगों की कलाकृतियों के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। मानव द्वारा कला का सबसे प्रारंभिक रूप शैलचित्रों के रूप में उच्च पुरापाषाण काल का है। भीमबेटका की गुफाओं में इस चरण के कुछ शैल चित्र (Rock Paintings) हैं, जिनमें चित्रों के विषय विभिन्न पक्षी, जानवर और मनुष्य हैं। चित्रकला का उद्देश्य अभी भी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि खानाबदोश जीवन के कारण उनके पास चित्रकला के लिए ज़्यादा समय नहीं बचता था। हालाँकि, एक राय यह बनाई जा सकती है कि लोगों ने उन पर नियंत्रण सुनिश्चित

करने के लिए विभिन्न जंगली पशुओं का चित्रण किया, क्योंकि उन्हें अपने अस्तित्व के लिए आखेट करने की आवश्यकता थी।

### पुरापाषाण काल में समाज (Society in Paleolithic Age)



आखेट का निरूपण

उस समय जलवायु बहुत कठोर थी तथा भोजन की उपलब्धता दुर्लभ थी। भोजन को खोजने या बहुत मेहनत से इकट्ठा करने की आवश्यकता होती थी, इसलिए उस समय का समाज छोटा होता था। विशेष रूप से वे लगभग 25 लोगों के छोटे समूह थे, जो भोजन के लिए चारों ओर घूमते थे। उनका मुख्य व्यवसाय शिकार करना तथा भोजन एकत्रित करना था। एकत्रित भोजन समूह के सभी सदस्यों के बीच समान रूप से वितरित किया जाता था। उन्होंने खानाबदोश जीवन व्यतीत किया, क्योंकि वे उन स्थानों पर प्रवास करते रहे, जहाँ पानी के साथ-साथ पौधे और पशु संसाधन आसानी से उपलब्ध थे।

### इस चरण का महत्त्व (Importance of this Phase)

इस चरण के दौरान एक बड़ा जलवायु परिवर्तन (Climatic Change) हुआ तथा इन लोगों ने इस परिवर्तन के प्रति स्वयं को बहुत अच्छी तरह से समायोजित किया और प्राकृतिक संकटों के बीच भी जीवित रहे। तब से अब तक जलवायु में अधिक बदलाव नहीं हुए हैं, जिससे बाद के लोगों के लिए प्रगति करना आसान हुआ। उपकरण प्रारूप और प्रयुक्त कच्चे माल (Raw Materials) में प्रगति अच्छी थी। भाषा के उपयोग के कारण संचार के तरीके में सुधार हुआ तथा इससे छोटे समाज के सुचारु रूप से कार्य करने में सुविधा हुई। इस चरण में आग की भी खोज की गई, जो उन्हें जंगली जानवरों से बचाती थी और शीत जलवायु में उन्हें अपना जीवन समायोजित करने में सहायता करती थी।

### इस चरण की सीमाएँ (Limitations of this Phase)

अधिकांश उपकरण पत्थरों से बनाए जाते थे, इसलिए कच्चे माल के लिए उन्हें चट्टानों और पहाड़ों के पास रहना पड़ता था। उनके पास भोजन और अन्य संसाधनों की सीमित उपलब्धता थी, क्योंकि उन्हें पहाड़ों के पास रहने की आवश्यकता थी। वे खानाबदोश जीवन जीते थे, जिसके परिणामस्वरूप एक बेहतर संगठित समाज नहीं बन सका, इसलिए श्रम का विभाजन व्यावहारिक रूप से अनुपस्थित था। वे गुफाओं तथा शैल आश्रयों (Rock Shelters) में रहते थे, जो जीवन के ख़तरों से भरे हुए थे। इन सबके कारण बाद के लोगों की तुलना में उनका जीवनकाल थोड़ा छोटा हो गया।

## 1.3 मध्य पाषाण काल (9,000 ईसा पूर्व – 4,000 ईसा पूर्व) [Mesolithic Age (9,000 BC – 4,000 BC)]

### जीवन-निर्वाह का तरीका (Way of Living)

लगभग 10,000 ईसा पूर्व, पाषाण काल की संस्कृति में एक संक्रमणकालिक चरण (Transitory Phase) शुरू हुआ, इस चरण को मध्य पाषाण काल के रूप में जाना जाता है। लगभग इसी समय, अंतिम हिमकाल (Last ice age) समाप्त हो गया तथा जलवायु गर्म एवं शुष्क हो गई थी। इसके परिणामस्वरूप नई वनस्पतियों और जीवों (Flora and fauna) का विकास हुआ। जंगलों और झाड़ियों में अगम्य झाड़-झंखाड़ (Impassable Undergrowth) में तीव्र वृद्धि हुई तथा बड़े जानवरों के स्थान पर छोटे और तेज़ दौड़ने वाले जानवरों में वृद्धि हुई। इस सबके कारण मध्य पाषाण काल के लोगों के लिए नई चुनौतियाँ पैदा हुईं, क्योंकि उन्हें भोजन इकट्ठा करने और नए तेज दौड़ने वाले ज़ानवरों का शिकार करने के लिए इन घने जंगलों से होकर गुजरना पड़ता था। इससे उन्हें इन चुनौतियों से पार पाने के लिए नए उपकरणों (सूक्ष्म पाषाण उपकरण) और तकनीकों का आविष्कार करना पड़ा। उनके रहने और शिकार करने के नए तरीकों को विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाने वाले स्थलों से समझा जा सकता है। इनमें से कुछ स्थलों का उल्लेख नीचे दिया गया है।

### प्रमुख स्थल (Major Sites)

- बागोर राजस्थान के भीलवाड़ा के निकट कोठारी नदी के तट पर स्थित एक स्थल है। यहाँ पाये गए सूक्ष्म पाषाण उपकरण (Microliths) भारत में सबसे छोटे हैं, जिनमें से अधिकांश 1.5-2 सेमी. की लंबाई में हैं।
- तिलवाड़ा राजस्थान में एक स्थल है। इस स्थल ने भारत में मध्य पाषाण काल की सबसे पश्चिमी सीमा का निर्माण किया था।
- लंघनाज गुजरात के मेहसाणा जिले में साबरमती नदी के पश्चिमी तट पर स्थित एक स्थल है।
- सराय नाहर राय उत्तर प्रदेश में स्थित एक स्थल है।
- बीरभानपुर पश्चिम बंगाल के बर्दवान जिले में दामोदर नदी पर एक स्थल है।

- भीमबेटका गुफाएँ मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में लगभग 700 गुफाओं और शैल आश्रयों वाला एक गुफा स्थल है।
- तिनेवेली या टेरी तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में ताम्रपर्णी नदी के किनारे एक स्थल है।
- संगनकल्लू कर्नाटक के बेल्लारी जिले में स्थित है।

## उपकरणों की प्रकृति (Nature of Tools)

मध्य पाषाण काल की चारित्रिक विशेषता उन उपकरणों की प्रकृति है, जो आकार में छोटे होते थे, जिनकी लंबाई 1 से 8 सेमी. और चौड़ाई 0.5 – 1.5 सेमी. तक होती थी। ये उपकरण ज़्यादातर लकड़ी, हड्डी या बड़े जानवरों के जबड़ों में लगाए जाते थे और मिश्रित उपकरण के रूप में उपयोग किए जाते थे, जिन्हें तीर या भाला बनाने के लिए अन्य वस्तुओं में बाँधा या लगाया जा सकता था। इन उपकरणों को उनके आकार के आधार पर दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है:

1. ज्यामितीय
2. गैर-ज्यामितीय



यह माना जाता है कि ज्यामितीय उपकरण (Geometric Tools) इस काल में उपकरण बनाने के एक उन्नत चरण को दर्शाते हैं।




**मुख्य उपकरण** (Main Tools)

1. ट्रैपेज/समलंब
2. चंद्राकार या अर्धचंद्राकार (Lunate or Crescent)
3. संशोधित फलक (Retouched Blade)
4. तिरछा कुंद फलक या पेन चाकू (Obliquely Blunted blade or Pen Knife)
5. परतदार- नुकीला उपकरण (Flake-Points)
6. त्रिभुज - स्केलीन (Triangle – Scalene)
7. सूक्ष्म खोदनी (Microburin)

### मध्य पाषाण काल में कला (Art in Mesolithic Age)

भीमबेटका की गुफाओं में इस चरण के कई शैलचित्र हैं। चित्रकला का विषय अलग-अलग पक्षी, जानवर और मानव थे तथा अधिकाँश जानवर और पक्षी ऐसे हैं, जिनका शिकार किया जाता था। अनाज पर आश्रित पक्षियों को चित्रों के शुरुआती समूह में शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि इस काल के लोग अधिकतर शिकारी थे और भोजन इकट्ठा करते थे।

### मध्य पाषाण काल में समाज (Society in Mesolithic Age)



मध्य पाषाणिक समाज का निरूपण

मध्य पाषाण काल के लोग शिकार, मत्स्यन एवं भोजन एकत्रित कर (शहद एवं वन्य बीज संग्रह) निर्वाह करते थे तथा बाद के चरण में उन्होंने पशुओं को पालतू बनाना शुरू कर दिया। पुरापाषाण काल में शिकार के प्रारूप में बड़े जानवरों से छोटे जानवरों की ओर बदलाव आया, जिन पर धनुष और तीर की सहायता से वार किया जा सकता था। शिकार के लिए दल बनाए जाते थे, सामान्यत: 25 से अधिक लोग नहीं होते थे। आपसी सहायता के लिए विभिन्न दलों के बीच एक प्रकार का समझौता हो सकता था तथा विभिन्न दलों के बीच शत्रुता भी हो सकती थी। इसने अंतत: दल को एक 'बहिर्युग्मन समूह' (Xogamous Group) में बदल दिया, जिसे नवपाषाण काल में कबीला कहा जाता था। इससे यह पता चलता है कि आंशिक निष्क्रिय जीवन (Sedentary Life), साथ ही कलह एवं युद्ध (Feud and Warfare) उनकी संस्कृति का हिस्सा बन गए होंगे।

### मध्य पाषाण काल का महत्त्व (Importance of Mesolithic Age)

मध्य पाषाण काल के लोगों ने जलवायु में अचानक हुए परिवर्तनों के प्रति स्वयं को अच्छी तरह से समायोजित किया (Adjusted) और नई चुनौतियों से निपटने में काफी प्रगति की। उन्होंने शिकार की चुनौतियों से निपटने के लिए नए उपकरण (सूक्ष्म पाषाण उपकरण) विकसित किए। वे पशुओं को पालतू बनाने के क्षेत्र में अग्रणी थे। वे कृषि उद्यम (Cultivation) आरंभ करने वाले पहले लोग भी थे। ये सभी गतिविधियाँ उन्हें निष्क्रिय जीवन की ओर ले गईं तथा समाज के आगे के विकास के लिए आधार बनीं, जिसे हम नवपाषाण काल में देखते हैं।

### मध्य पाषाण काल की सीमाएँ (Limitations of Mesolithic Age)

मध्य पाषाणकालीन लोग केवल अपने निर्वाह के लिए ही उत्पादन करते थे, किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं। समाज अधिक विकसित नहीं था तथा दल एवं समूहों के रूप में अस्तित्व में था।

## 1.4 नवपाषाण काल (9000 - 1000 ईसा पूर्व) [Neolithic Age (9000 – 1000 BC)]

नवपाषाण काल का अर्थ है, नवीन पाषाण काल। यह इतिहास का वह कालखंड है, जिसमें मनुष्य ने अपने अस्तित्व के लिए प्रकृति पर निर्भर रहने से लेकर उसका दोहन करने वाला बनने तक अंतत: प्रकृति के साथ अपने संबंध को बदल लिया। नवपाषाण काल के लोगों ने अनाज और अन्य फसलों का उत्पादन शुरू किया, मवेशियों को पालतू बनाया और अधिक निष्क्रिय जीवन-शैली अपनाई। नवपाषाण काल के लोगों ने मृदभांड और बुनाई का

आविष्कार किया तथा स्थायी गृह निर्माण पद्धतियाँ विकसित कीं। तकनीकी विकास के आधार पर नवपाषाण स्थलों की विशेषता निम्नलिखित की उपस्थिति से होती है:

(क) सेल्ट्स (एक प्रकार की कुल्हाड़ियाँ)

(ख) गर्तावास (Pit dwelling)

(ग) मृदभांड (Pottery)

## प्रमुख स्थल (Major Sites)

नवपाषाणकालीन स्थलों को निवासियों द्वारा उपयोग की जाने वाली कुल्हाड़ियों के प्रकार के आधार पर 3 क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जो इस प्रकार हैं:

1. **उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र:** इस क्षेत्र में घुमावदार काटने वाले किनारों के साथ आयताकार कुल्हाड़ियों का उपयोग किया जाता था।
2. **उत्तर-पूर्वी क्षेत्र:** इस क्षेत्र में मानव आयताकार हत्थे के साथ पॉलिश किये गए पत्थर की कुल्हाड़ियों और कभी-कभी कंधे वाले कुदाल का उपयोग करता था।
3. **दक्षिणी क्षेत्र:** इस क्षेत्र में अंडाकार किनारों और नुकीले हत्थे वाली कुल्हाड़ियों के उपयोग के साक्ष्य मिले हैं।

**प्रत्येक क्षेत्र के स्थलों का विवरण इस प्रकार है:**

### उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र (North-Western Zone)

- बुर्जहोम श्रीनगर के निकट झेलम घाटी में स्थित एक स्थल है। इस क्षेत्र के लोग झील के किनारे गर्तों में रहते थे और संभवतः उनकी आखेटन एवं मत्स्यन (Hunting and Fishing) आधारित अर्थव्यवस्था थी। वे पत्थरों के पॉलिश किए हुए औज़ारों का प्रयोग करते थे। रुचिकर बात यह है कि इस क्षेत्र में हड्डियों से बने कई उपकरण और हथियार भी उपयोग किए जाते थे। ये लोग मोटे भूरी मिट्टी के मृदभांडों का उपयोग करते थे। उन्होंने पालतू कुत्तों को उनके मालिकों के साथ उनकी कब्रों में दफ़नाने की प्रथा अपनायी थी।
- गुफकराल भी श्रीनगर के निकट झेलम घाटी में एक स्थल है। यहाँ के लोग कृषि और पशुपालन दोनों करते थे।
- मार्तण्ड झेलम घाटी में स्थित एक और स्थल है।

### उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (North-Eastern Zone)

- दाओजाली हैडलिंग (Daojali Hadling) असम के उत्तरी कछार पहाड़ियों में स्थित स्थल है।
- चिरांद बिहार में छपरा के पास चार नदियों- गंगा, सोन, गंडक और घाघरा के संगम पर स्थित एक स्थल है। चिरांद अन्य स्थलों की तरह पर्वतीय नहीं है, यह एक जलोढ़ का मैदान है। चिरांद की एक विशेषता पक्षियों, बैलों और साँपों की टेराकोटा मूर्तियों (Terracotta figurines) की उपस्थिति है। यह स्थल पत्थर के औज़ारों की कमी से पहचाना जाता है।
- कोल्डिहवा महागरा (बेलन नदी) इलाहाबाद के पास एक स्थल है और चावल के सबसे पुराने अवशेषों के लिए प्रसिद्ध है।

### दक्षिणी क्षेत्र (Southern Zone)

- यहाँ के लोग ग्रेनाइट पहाड़ियों की चोटियों पर या नदी के किनारे के पठारों पर बस गए थे। पत्थर की सहज उपलब्धता के कारण दक्षिण भारत में नवपाषाणकालीन बस्तियों की संख्या सबसे अधिक है।
- पिकलीहल कर्नाटक में स्थित है, जिसमें नवपाषाणकालीन लोगों की उपस्थिति थी, जो पशु-पालक थे और मवेशियों, बकरियों और भेड़ों को पालते थे। उन्होंने स्थानांतरित कृषि या झूम कृषि (Slash-and-burn cultivation) के तरीकों का उपयोग किया। पिकलीहल में राख के टीले और आवास स्थल दोनों की उपस्थिति है।
- टेक्कलकोटा कर्नाटक के बेल्लारी जिले में स्थित एक स्थल है। यह स्थल एक ग्रेनाइट पहाड़ी के ऊपर है। कर्नाटक में अन्य स्थल मस्की, ब्रह्मगिरि, हल्लूर, कोडेकल, पिकलीहल, संगनकल्लू और टी. नरसीपुर हैं। पैय्यमपल्ली और उत्नूर क्रमशः तमिलनाडु और तेलंगाना के स्थल हैं।

## प्रमुख उपकरण (Major Tools)

इन स्थलों से मिले उपकरण विभिन्न आकार-प्रकार के हैं। कुल्हाड़ी, बसूला, छेनी, हाथ की चक्की, गदाशीर्ष या रिंग स्टोन, कील, प्रस्तर का फावड़ा, कुदाल विभिन्न उपकरण हैं, जो डोलराइट या बलुआ पत्थर से बने होते थे। नवपाषाण काल के लोगों ने सूक्ष्म पाषाणिक फलक (Microlith Blades) का भी उपयोग किया था। हड्डी और सींग का उपयोग बर्छी, तीर की नोक, खुरचनी, सुई एवं नुकीला उपकरण बनाने के लिए भी किया जाता था।

गदा शीर्ष/वाले प्रस्तर का उपयोग भूमि में बीज बोने से पहले भूमि को जोतने के लिए किया जाता था। जैसा कि पिकलीहल स्थल से स्पष्ट है। नवपाषाण काल के लोग स्थानांतरित या झूम कृषि करते थे। अतः तब अनाज पीसने के लिए पत्थर निर्मित चक्की का उपयोग किया जाता था। उनके द्वारा उगाई जाने वाली कुछ महत्त्वपूर्ण फसलें गेहूँ, जौ और मक्का थीं। वे गाय, भेड़ और बकरियों को भी पालते थे। नवपाषाण काल के लोग अपेक्षाकृत स्थायी निवास वाले पहले लोग थे। वे प्राकृतिक गड्ढों में रहते थे। वे गड्ढे के फर्श पर रहते थे और गड्ढे के मुहाने को खंभों पर टिके हुए छप्पर से ढक देते थे। इन लोगों ने मृदभांड निर्माण के क्षेत्र में भी काफ़ी प्रगति की थी। मृदभांड के मामले में, यहाँ हाथ से बनी बिना पकाई गई किस्म से लेकर पहिए से बनी और पकाई गई किस्म तक का क्रमिक विकास दिखाई देता है।




बर्तनों का उपयोग अनाज रखने, खाना पकाने, खाने-पीने के लिए किया जाता था।

### नवपाषाण काल का महत्त्व (Importance of Neolithic Age)

इन लोगों ने सभ्यताओं की समृद्धि की नींव रखी। इन्होंने खेती, बुनाई, बर्तन बनाने, गृह निर्माण, लिखने और जानवरों को पालतू बनाने की तकनीक विकसित की। इन तकनीकों का विकास जीवन-निर्वाह की शैली में अद्भुत बदलाव लाया। नवपाषाणकालीन लोग अब केवल आखेट, मत्स्यन एवं संग्रहण पर निर्भर नहीं रहे थे, वे भोजन उपलब्ध कराने के लिए खेती और पशुपालन भी करते थे।




पुरापाषाण स्थल, नवपाषाण स्थल, महापाषण स्थल, आरंभिक गाँव, आधुनिक स्थल

### नवपाषाण काल की सीमाएँ (Limitations of the Neolithic Age)

चूँकि इन लोगों के अधिकांश उपकरण और हथियार पत्थरों से बने थे, इसलिए इन्हें पहाड़ी क्षेत्रों से दूर बस्तियाँ नहीं मिल पाती थीं। वे अपने निर्वाह के लिए आवश्यकता से अधिक उत्पादन करने में भी सक्षम नहीं थे।

## 1.5 ताम्रपाषाण काल ( 2800 ईसा पूर्व – 700 ईसा पूर्व ) [Chalcolithic Age (2800 BC – 700 BC)]

ताम्रपाषाण काल का अर्थ है, प्रस्तर-ताम्र चरण (Stone-copper phase)। तांबा मानव द्वारा उपयोग की जाने वाली पहली धातु थी। ताम्रपाषाणकालीन लोग अधिकतर पत्थर और तांबे की वस्तुओं का उपयोग करते थे, लेकिन कभी-कभी वे कांस्य और लोहे का भी उपयोग करते थे। वे पहाड़ी क्षेत्रों और नदियों के किनारे रहते थे और मुख्य रूप से एक ग्रामीण समुदाय थे। जलोढ़ मैदानों और घने जंगलों वाले क्षेत्रों को छोड़कर, ताम्रपाषाण संस्कृति के स्थल लगभग पूरे भारत में खोजे गए हैं।

### प्रमुख स्थल (Major Sites)

जिन क्षेत्रों के आस-पास इस संस्कृति के स्थल पाए जाते हैं, वे इस प्रकार हैं:

- **दक्षिण-पूर्वी राजस्थान:** दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में दो स्थल अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं: एक अहार और दूसरा गिलुंड। अहार और गिलुंड दोनों राजस्थान में बनास नदी घाटी के शुष्क क्षेत्र में स्थित हैं। अहार के लोग प्रारंभ से ही गलाने और धातुकर्म का कार्य करते रहे हैं। दरअसल, अहार का पुराना नाम तांबवती या तांबा रखने वाला स्थान है। सिंध में अमरी और कोटदिजी का भी उल्लेख किया जा सकता है; राजस्थान में कालीबंगा और गणेश्वर। गणेश्वर में 'गेरूआ रंग के मृदभांड' (OCP: Ochre-Coloured Pottery) मिलते हैं, जो लाल रंग के लेप वाले (Red-slipped ware) बर्तन होते हैं, जिन्हें अक्सर काले रंग से रंगा जाता है तथा बड़े पैमाने पर फूलदान (टेंम) के रूप में दर्शाया जाता है।
- **पश्चिमी मध्य प्रदेश:** इस क्षेत्र में मालवा, कायथा और एरण जैसे स्थलों की खुदाई (Excavated) हुई है। मालवा के बर्तन सभी ताम्रपाषाणिक मृदभांडों (Chalcolithic Ceramics) में सबसे समृद्ध माने जाते हैं।
- **पश्चिमी महाराष्ट्र:** इस क्षेत्र में सबसे व्यापक-स्तरीय उत्खनन (Extensive Excavations) हुआ था और इस क्षेत्र में कई महत्त्वपूर्ण ताम्रपाषाण स्थल मौजूद हैं। अहमदनगर जिले में

जोर्वे, नेवासा और दैमाबाद; पुणे जिले में चंदोली, सोनगाँव और इनामगाँव तथा नर्मदा नदी पर नवादाटोली की खुदाई की गई थी।

- **पूर्वी भारत:** इलाहाबाद जिले के विंध्य क्षेत्र में कई ताम्रपाषाण स्थल पाए जा सकते हैं। चिरांद गंगा नदी के किनारे पर, पश्चिम बंगाल में पांडु राजार ढिबी बर्दवान जिले में और महिषदल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में स्थित है। कुछ अन्य स्थल बिहार के सेनुआर, सोनपुर और ताराडीह तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के खैराडीह और नरहन में भी पाये गए हैं।

## प्रमुख उपकरण (Major Tools)

ताम्रपाषाण काल के लोग पत्थर से बने छोटे-छोटे औज़ारों और हथियारों का उपयोग करते थे। जोरवे और चंदोली में चपटी, आयताकार तांबे की कुल्हाड़ियाँ पाई गई हैं और तांबे की छेनी महाराष्ट्र के चंदोली में पाई गई है। गणेश्वर से तीर की नोक, भाले की नोक, मछली के कांटे, बछेड़े, चूड़ियाँ और छेनी के उपस्थिति का पता चला है, जो तांबे से बने थे। इस क्षेत्र में पाए जाने वाले कई सूक्ष्म उपकरण ताम्रपाषाण संस्कृति से संबंधित हैं। ताम्रपाषाण काल के लोग विभिन्न प्रकार के मृदभांडों का उपयोग करते थे, जिनमें से एक को काला एवं लाल मृदभांड कहा जाता है और यह 2000 ईसा पूर्व के बाद व्यापक स्तर पर प्रचलित था।

## पशुओं का घरेलूकरण (Domestication of Animals)

वे गाय, भेड़, बकरी, सूअर और भैंस पालते थे एवं हिरण का शिकार करते थे। वे ऊँटों से भी परिचित थे, लेकिन घोड़े के विषय में साक्ष्यों का अभाव है।

## कृषि एवं भोजन (Agriculture and Food)

वे कृषि करते थे और गेंहूँ, चावल और बाजरे का उत्पादन करते थे। उन्होंने मसूर, काला चना, हरा चना और घास मटर जैसी दालें भी पैदा कीं। दक्कन की काली कपास मिट्टी पर कपास का उत्पादन होता था, जबकि रागी, बाजरा और कई अन्य मोटे अनाजों का उत्पादन निचले दक्कन में किया जाता था। चावल का उत्पादन बिहार और पश्चिम बंगाल में किया जाता था। नवादाटोली के लोग बेर और अलसी का उत्पादन करते थे। बिहार और पश्चिम बंगाल में मछली के कांटे पाये गए हैं, जो मछली और चावल के प्रति उनके प्रेम को दर्शाते हैं। वे गाय और सूअर का मांस भी खाते थे।

## ताम्रपाषाण काल में कला (Art in Chalcolithic Age)

इस काल के लोग 'विशेषज्ञ ताम्रकार और कुशल प्रस्तर-शिल्पी' थे। इस काल से औज़ार, हथियार और तांबे की चूड़ियाँ प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कारेलियन, स्टीटाइट और क्वार्ट्ज क्रिस्टल जैसे अर्ध-कीमती पत्थरों के मनकों का निर्माण किया था। चूँकि मालवा में तकली की चक्की की खोज की गई थी, इसलिए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि मालवा के लोग कताई और बुनाई की कला जानते थे। सेमल/रेशम (Semal/Silk) के सूती रेशम से बने कपास, सन और रेशम के धागों की उपस्थिति से पता चलता है कि लोग कपड़े के निर्माण से अच्छी तरह परिचित थे। महाराष्ट्र के इनामगाँव में कुम्हार, लोहार, हाथी दाँत बनाने वाले, चूना बनाने वाले और टेराकोटा कारीगरों की उपस्थिति थी।

## ताम्रपाषाण काल में समाज (Society in Chalcolithic Age)

ताम्रपाषाणिक समाज मानव इतिहास में सामाजिक स्तरीकरण (Social Stratification) दर्शाने वाला पहला समाज था। 'बसावट पद्धति और दफ़नाने की प्रथाएँ' (Settlement pattern and burial practices) सामाजिक असमानताओं की उपस्थिति का संकेत करती हैं। यह जोर्वे बस्तियों में देखा जाता है, जहाँ कुछ बस्तियाँ बीस हेक्टेयर की हैं और अन्य केवल पाँच हेक्टेयर या उससे कम की हैं। इसका तात्पर्य दो-स्तरीय बस्तियों (Two-tier habitations) से है। इन लोगों ने भी उपासना करना आरंभ कर दिया था और इसकी पुष्टि महिलाओं की टेराकोटा मूर्तियों की खोज से होती है, जिन्हें मातृ देवी के रूप में पूजनीय माना जाता था। मालवा और राजस्थान में बैल की शैलीबद्ध टेराकोटा आकृतियों की खोज से पता चलता है कि बैल एक धार्मिक पंथ का प्रतीक था।

मध्य और पश्चिमी भारत में ताम्रपाषाण संस्कृतियाँ 1200 ईसा पूर्व तक लुप्त हो गई थीं। केवल जोर्वे संस्कृति ही 700 ईसा पूर्व तक अस्तित्व में रही थी। पश्चिमी भारत और पश्चिमी मध्य प्रदेश में इस संस्कृति के पतन का प्रमुख कारण वर्षा में कमी थी। अन्य क्षेत्रों में ताम्रपाषाण काल का स्थान लौह काल ने ले लिया था।

## ताम्रपाषाण काल का महत्त्व (Importance of Chalcolithic Age)

इस काल के लोग 'तांबा गलाने और धातुकर्म' (Copper smelting and metallurgy) के बारे में जानने वाले पहले लोग थे। इस ज्ञान का उपयोग बाद में कांस्य बनाने और लोहे जैसी अन्य धातुओं को शुद्ध करने के लिए किया गया। वे चित्रित मृदभांडों (Painted Pottery) का उपयोग करने वाले पहले लोग थे। उनमें से लगभग सभी पहिए पर बने काले और लाल बर्तनों का उपयोग करते थे। वे प्रायद्वीपीय भारत में पहले बड़े गाँव बनाने वाले पहले लोग थे और नवपाषाण लोगों की तुलना में कहीं अधिक अनाज की खेती करते थे।

## ताम्रपाषाणिक संस्कृतियों की सीमाएँ (Limitations of Chalcolithic Cultures)

ताम्रपाषाण काल के लोग अपने द्वारा पालतू जानवरों का पूर्ण उपयोग करने में असमर्थ थे, क्योंकि वे भोजन के लिए उनकी बलि

देते थे तथा दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों के लिए उनका उपयोग नहीं करते थे। वे बड़े और सघन पैमाने पर खेती नहीं करते थे, इसके बजाय वे स्थानांतरण या झूम खेती करते थे। ताम्रपाषाण काल के लोगों में शारीरिक कमज़ोरी व्याप्त थी, जो पश्चिमी महाराष्ट्र में बच्चों को बड़े पैमाने पर दफ़नाने से स्पष्ट होती है। खाद्य उत्पादक अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, शिशु मृत्यु दर बहुत अधिक थी, जिसका कारण खराब पोषण, चिकित्सा ज्ञान की कमी या महामारी का प्रकोप हो सकता है।

ताम्रपाषाणिक संस्कृति स्वाभाविक रूप से ग्रामीण पृष्ठभूमि की थी। वे पक्की ईंटों से परिचित नहीं थे, जिनका उपयोग बहुत कम किया जाता था, जैसा कि गिलुंड में लगभग 1500 ईसा पूर्व में हुआ था। वे निर्माण के लिए अधिकतर मिट्टी की ईंटों का उपयोग करते थे और कभी-कभी, पत्थरों का भी उपयोग किया जाता था। वे टिन को तांबे के साथ मिलाकर कांस्य बनाने की कला से अनभिज्ञ थे।

## कुछ महत्त्वपूर्ण खोजें (Some Important Discoveries)

- **महादहा:** यहाँ से हड्डी के आभूषणों की खोज हुई थी।
- **दमदमा:** यहाँ से एक ही कब्र में मानव कंकाल मिले थे।
- **मेहरगढ़:** भारतीय उप-महाद्वीप में कृषि का प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुआ है।
- **नवादाटोली:** इससे गोल और आयताकार दोनों तरह की आवासीय संरचनाओं के उत्कृष्ट साक्ष्य मिले हैं।
- **संगनकल्लू:** 'राख का टीला' मैसूर के निकट वेल्लारी जिले में स्थित नवपाषाणकालीन स्थल संगनकल्लू से मिला है।
- **लेखहिया (विंध्य क्षेत्र):** यहाँ से सर्वाधिक संख्या में मानव कंकाल मिले हैं।
- प्रागैतिहासिक चित्रकला का सबसे अच्छा उदाहरण भीमबेटका के शैलाश्रय और गुफाएँ हैं।
- राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, जिसका नाम बदलकर इंदिरा गाँधी मानव संग्रहालय कर दिया गया, भोपाल में स्थित है।

■■■■

## भारतीय प्राक्-इतिहास: महत्त्वपूर्ण तथ्य (Indian Pre-History: Important Facts)

| | प्रारंभिक (निम्न) | मध्य | उत्तरवर्ती (उच्च) | मध्य पाषाण | नवपाषाण | ताम्रपाषाण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तकनीकी | | शल्क उपकरण | चकमक पत्थर | सूक्ष्म पाषाणिक उपकरण | पॉलिशदार उपकरण | फलक तथा शल्क उपकरण |
| प्रयुक्त प्रस्तर | क्वार्टजाइट | क्वार्टजाइट | चर्ट, जैस्पर | अर्ध-कीमती पत्थर | डाइक, बेसाल्ट, डोलोमाइट | चौलेडोनी और चर्ट जैसी सिलिकायुक्त सामग्री तांबे और कांसे के औज़ारों का उपयोग भी सीमित पैमाने पर हुआ। |
| व्यवसाय | आखेट, भोजन एकत्र करना और मत्स्यन | आखेट, भोजन एकत्र करना और मत्स्यन | आखेट, भोजन एकत्र करना और मत्स्यन। होमो सेपियंस का आगमन। | आखेट, भोजन एकत्र करना और मत्स्यन। बाद के चरण में वे जानवरों को पालतू बनाना आरंभ करते हैं। | आखेट, भोजन एकत्रण और मत्स्यन का अभ्यास किया गया, नियमित कृषि आरंभ हुई। छोटे-छोटे गाँवों में बसे, खाद्य उत्पादन युग। मेहरगढ़-गेहूँ और कपास। मिर्जापुर-चावल की खेती। | निर्वाह कृषि, पशुपालन, कपास की खेती मेहरगढ़ के साथ-साथ सिंधु घाटी सभ्यता की मुख्य विशेषता थी। चावल की खेती का सबसे पहला साक्ष्य बेलन घाटी से मिला है। प्रस्तर आधारित मध्य पुरापाषाणिक उद्योग राजस्थान के दक्षिणी थार रेगिस्तान में स्थित था और इसे लूनी उद्योग कहा जाता था। पुरापाषाण और मध्यपाषाण युग की गुफा चित्रों में सबसे आम पशु हिरण था। राजस्थान में गिलुंड के लोग ईंटों के प्रति जागरूक नहीं थे। केला, नारियल, सुपारी आदि लगभग 2000 ईसा पूर्व दक्षिण-पूर्व एशिया से आए थे। |
| स्थल | सोन या सोहन घाटी, पंजाब, बेलन घाटी, मिर्जापुर जिला, उत्तर प्रदेश (इलाहाबाद के पास)। डीडवाना, राजस्थान भीमबेटका, मध्य प्रदेश | भूगोल सामान्यत: निम्न पुरापाषाणकालीन स्थलों से मिलता है। | गुजरात टीलों का उच्च स्तर। आंध्र, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य मध्य प्रदेश, दक्षिण उत्तर प्रदेश, भीमबेटका गुफाओं का उपयोग आश्रय स्थल के रूप में किया जाता था। | आदमगढ़, मध्य प्रदेश और बागोर, राजस्थान - जानवरों को पालतू बनाने का सबसे प्रारंभिक साक्ष्य। नमक झील, सांभर के निक्षेप पौधों की खेती का संकेत देते हैं। | **उत्तर**<br>कश्मीरी-गरतावास, चीनी मिट्टी की वस्तुएँ, पत्थर और हड्डी के औज़ारों की विविधता तथा सूक्ष्म पाषाणिक उपकरणों की अनुपस्थिति। बुर्जहोम, गुफकराल, बिहार-चिरांद<br>**दक्षिण**<br>गोदावरी के दक्षिण में<br>**पूर्व**<br>असम, गारो पहाड़ियाँ | ताम्रपाषाणिक संस्कृतियों के केंद्र राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के अर्धशुष्क क्षेत्रों में विकसित हुए। उनमें से कुछ अहार, गिलुंड, नागदा, नवादाटोली, एरण, प्रभास, रंगपुर, प्रकाश, दैमाबाद और इनामगाँव थे। |
| शवाधान/कब्र | | | | | बुर्जहोम- पालतू कुत्तों को उनके पालकों/मालिकों के साथ दफ़नाया गया। | पश्चिमी महाराष्ट्र में बड़े स्तर पर बच्चों की कब्रें। |
| मृदभांड | कोई मृदभांड नहीं मिला। | | | | मिट्टी के बर्तनों का प्रथम संदर्भ। बुर्जहोम-अपरिष्कृत भूरे मृदभांड। इस युग में हाथ से बने मिट्टी के बर्तन मिले हैं। बाद के काल में- पैर से चलने वाले पहिए का भी उपयोग हुआ है। इसमें काले-जले हुए बर्तन, ग्रेवेयर और मैट-प्रेस्ड बर्तन शामिल हैं। | मिट्टी के बर्तन लाल से लेकर गहरे भूरे और काले, चित्रमय लाल और काले एवं पॉलिशदार लाल रंग के थे। |
| चित्रकारी | मध्य प्रदेश में भीमबेटका, उत्तर प्रदेश में बेलन घाटी और नर्मदा घाटी में तीनों चरणों से संबंधित प्रागैतिहासिक कला है। | | | | | |